अनधिक " के स्थान पर शब्द "ऐसे माल के मूल्य के चालीस प्रतिशत से अनधिक अथवा ऐसे माल के मूल्य पर अधिनियम के अधीन संदेय कर , जो भी अधिक हो " रख दिए गए हैं । अत: शासन के पत्र सं0-604 / 11-2-2014-9(98) / 09 दिनांक 09 जुलाई,2014 द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में प्रान्त बाहर से आयातित माल के संबंध में अनियमितता पाए जाने की दशा में जमानत की राशि में उपरोक्तानुसार किए गए संशोधन के अनुरूप प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित माल में अनियमितता पाए जाने की दशा में निम्नानुसार जमानत की माँग किए जाने के निर्देश निर्गत किए जाते हैं -

क- <u>पंजीकृत व्यापारियों से, प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित माल के परिप्रेक्ष्य में, जमानत जमा कराये जाने से संबंधित निर्देश :</u>

(1) प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित वस्तु जिसके संबंध में त्रुटिपूर्ण संव्यवहार किया जाना प्रकाश में आया है यदि उ0प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम , 2008 की अनुसूची-II अथवा अनुसूची- III में समाहित है तो माल के मूल्य का 15%जमानत की राशि वसूल की जाएगी ।

(2) प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित वस्तु जिसके संबंध में त्रुटिपूर्ण संव्यवहार किया जाना प्रकाश में आया है यदि उ0प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम , 2008 की अनुसूची-V में समाहित है , तो ऐसे माल पर संदेय कर के दोगुने के बराबर जमानत की राशि वसूल की जाएगी ।

(3) प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित वस्तु जिसके संबंध में त्रुटिपूर्ण संव्यवहार किया जाना प्रकाश में आया है परन्तु यदि उ0प्र0 मूल्य संवर्धित कर अधिनियम , 2008 के अन्तर्गत कर की दर 40% से अधिक है तो ऐसे माल के संबंध में संदेय कर के बराबर जमानत वसूल की जाएगी ।

(4) प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित वस्तु यदि उपर्युक्त क्रमांक -(1) , (2) तथा (3) में वर्णित वस्तुओं से भिन्न है तो उसके संबंध में त्रुटिपूर्ण आयात के तथ्य प्रकाश में आने पर माल के मूल्य का 40% जमानत वसूल की जाएगी ।

<u>ख- अपंजीकृत व्यापारियों से , प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित माल के परिप्रेक्ष्य में , जमानत जमा कराए जाने से संबंधित निर्देश :</u>

अपंजीकृत व्यापारियों द्वारा प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर परिवहित माल का त्रुटिपूर्ण आयात किए जाने के तथ्य प्रकाश में आने पर माल के मूल्य पर संदेय कर अथवा माल के मूल्य का 40% जो भी अधिक हो जमानत वसूल की जाएगी ।

प्रान्त से प्रान्त के अन्दर तथा प्रान्त से प्रान्त के बाहर किए जाने वाले संव्यवहारों के परिप्रेक्ष्य में जमानत राशि के संबंध में पूर्व निर्गत आदेश तदनुसार संशोधित समझे जायें ।

उक्त निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।

Mu 9.7.2014

**( मृत्युंजय कुमार नारायण )**
**कमिश्नर वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश**

<u>पृ0प0सं0एवं दिनॉक उक्त ।</u>

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

(1) माननीय अध्यक्ष,उ0प्र0 राज्य वाणिज्य कर सलाहकार समिति, उ0प्र0 शासन ,लखनऊ ।

(2)प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर एवं मनोरंजन कर विभाग,उत्तर प्रदेश शासन सचिवालय,लखनऊ।

(3) निदेशक, राजस्व व विशिष्ट अभिसूचना ,उत्तर प्रदेश शासन,सचिवालय,लखनऊ।

(4) सॅयुक्त सचिव, कर एवं निबन्धन अनुभाग-2, ,उत्तर प्रदेश शासन,सचिवालय,लखनऊ ( दो प्रतियो में )

